न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, मुण्डावर(अलवर)

पीठासीन अधिकारी :– महेश चन्द्र मान (R.A.S.)

दावा सख्या	रजू दिनांक	निर्णय दिनांक
95/2017	02.05.2017	19.02.2018

उनवान

1 बद्रीप्रसाद पुत्र
2 मुकेश पुत्री
3 रेशमी पुत्री
4 कलावती पत्नी स्व0 श्री बोदन जातियान अहीर निवासीयान भोजपुरी तह0 मुण्डावर जिला अलवर

–: वादीगण

बनाम

1 राजस्थान सरकार जरियें लैण्ड हौल्डर तहसीलदार मुण्डावर जिला अलवर
2 जिलाधीश महोदय, अलवर

–: प्रतिवादीगण

दावा:– इस्तरारहक मय दुरूस्ती इन्द्राज

–: पर्चा डिक्री :–

दिनांक :– 19.02.2018

वादीगण की ओर से एडवोकेट श्री पृथ्वीसिंह यादव व प्रतिवादीगण की अनुपस्थिति में इस वाद में आज तारीख 19.02.2018 को महेश चन्द्र मान उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर, मुण्डावर के समक्ष अन्तिम निपटारे के लिए पेश होने पर, आदेश किया जाता है और डिक्री दी जाती है कि :–

वादीगण के वाद को स्वीकार योग्य पाये जाने की स्थिति में बहकवादीण बरखिलाफ प्रतिवादीगण डिक्री किया जाता है एवं हाल आराजी ख0न0 283/0.48, 284/ 1.62 है0 का 1/3 भाग वाके ग्राम भोजपुरी तहसील मुण्डावर जिला अलवर के हाल राजस्व रिकॉर्ड पर वादीगण के बाबत अंकित खरीददार/गैर खातेदार को हजफ किया जाकर उसके स्थान पर वादीगण को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। इसी अनुसार हाल रिकॉर्ड में अमल दरामद किय जावे।

खर्चा पक्षकारान् अपना–अपना वहन करेगें।

यह आज तारीख 19.02.2018 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

19/02/18

(महेश चन्द्र मान)
उपखण्ड अधिकारी एवं
पदेन सहायक कलक्टर, मुण्डावर

उपखण्ड अधिकारी
मुण्डावर (अलवर) राज0

Scanned by CamScanner